प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 16 मार्च, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची में आयोजित 'एग्रोटेक किसान मेला-2026' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल प्रयोगशालाओं में शोध करना ही नहीं, बल्कि उन शोधों को खेतों तक पहुँचाना भी है। वैज्ञानिकों को किसानों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीन शोध तथा उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ने में इस प्रकार के किसान मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है और यहाँ की मिट्टी में अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ फल, सब्जी, फूल, औषधीय पौधों तथा बागवानी की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, बकरीपालन और मधुमक्खी

पालन जैसे सहायक व्यवसाय किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

माननीय राज्यपाल ने मोटे अनाजों (श्री अन्न) के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए किसानों से रागी (मड़ुआ), बाजरा और ज्वार जैसे पौष्टिक अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने सहजन (मूंगा) जैसे पौष्टिक पौधों के उत्पादन की संभावनाओं पर भी बल दिया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे गाँवों में जाकर किसानों के साथ मिलकर कार्य करें तथा नई तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी किसानों तक पहुँचाएँ। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गाँवों को गोद लेकर किसानों को कम भूमि में अधिक उत्पादन एवं आय बढ़ाने के उपायों के बारे में मार्गदर्शन दे सकते हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' एवं 'किसान क्रेडिट कार्ड' जैसी कई कल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं, जिनका लाभ किसानों को अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस किसान मेले से किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों, नई तकनीकों तथा विशेषज्ञों के साथ संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ होगा। उन्होंने किसानों के उज्ज्वल

भविष्य की कामना करते हुए कहा कि 'किसानों की समृद्धि में ही राज्य और राष्ट्र की प्रगति निहित है।'

उक्त अवसर पर माननीय राज्यपाल ने राज्य के कई प्रगतिशील एवं नवोन्मेषी किसानों को सम्मानित किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में आज लोक भवन, राँची के बिरसा मंडप में झारखण्ड विधानसभा के बजट सत्र-2026 के उपलक्ष्य में माननीय मंत्री एवं विधायकगणों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, माननीय मंत्रीगण, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, माननीय विधायकगण तथा वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।